दिनांक : 19.03.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने यूपीआई लेनदेन पर प्रोत्साहन योजना सहित कई महत्वपूर्ण निर्णयों को दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री कल उज्जैन के तराना में नर्मदा–क्षिप्रा बहुउद्देश्यीय परियोजना का करेंगे लोकार्पण।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में इन्दौर–बुधनी रेल लाईन की प्रगति के बारे में दी जानकारी।
- रंगपंचमी के अवसर पर इन्दौर सहित कई शहरों में निकाली गई रंगारंग गेर।

अब समाचार विस्तार से:–

## मंत्रिमंडल - निर्णय

केंद्र सरकार ने कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी। योजना के लिए एक हजार 500 करोड़ रुपये रखे गए हैं। नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल के निर्णयों के बारे में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना से छोटे व्यापारी बिना किसी अतिरिक्त लागत के यूपीआई सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर शून्य दशमलव एक-पांच प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि असम के नामरूप में नया उर्वरक संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से देश में घरेलू यूरिया उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और यह यूरिया की बढ़ती मांग को पूरा करेगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट से चौक तक छह लेन के ग्रीनफील्ड हाईवे के निर्माण को स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के कार्यान्वयन को मंजूरी दी है।

## मुख्यमंत्री नर्मदा शिप्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कल उज्जैन जिले के तराना क्षेत्र में कई खेतों को नर्मदा जल से सिंचाई की सौगात प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जारी संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में क्रियान्वित हो रहे नदी जोड़ो अभियान से सिंचाई का व्यापक और प्रभावी

वातावरण निर्मित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल उज्जैन जिले के तराना में नर्मदा शिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना का लोकार्पण करेंगे।

करीला मेला मुख्यमंत्री

अशोक नगर में रंगपंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय करीला मेला चल रहा है। यहां आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए । उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में गोपालन योजना चलाई जाएगी। अभी मध्य प्रदेश दूध उत्पादन में तीसरे स्थान पर है शीघ्र प्रथम स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि दुग्ध खरीदी पर भी अनुदान दिया जाएगा। जो भी गोपालक सहकारी संस्था के माध्यम से शासन को दुग्ध उपलब्ध करवाएगा उसे 5 रु प्रति लीटर की दर से अनुदान दिया जाएगा। इस मौके पर श्री यादव ने करीला मंदिर प्रांगण के विकास के लिए एक करोड रुपए की घोषणा भी की।

**गेंहू पंजीयन**

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मुल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये अभी तक 10 लाख 20 हजार 224 किसानों ने पंजीयन कराया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की बिक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। उन्होंने बताया है कि किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं, खरीदी उपार्जन केन्द्रों में 5 मई तक होगी। गेहूँ की खरीदी के लिये 2648 उपार्जन केन्द्र बनाये जा चुके हैं। गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है।

इंदौर और बुदनी

जबलपुर से इंदौर वाया गाडरवारा और बुदनी के बीच 342 किलोमीटर लंबी रेल लाइन परियोजना की वर्तमान स्थिति और प्रगति के बारे में रेल मंत्री ने लोकसभा में जानकारी दी। होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में श्री वैष्णव ने बताया कि इंदौर और बुदनी के बीच 205 किलोमीटर नई रेल लाइन का कार्य 3261.82 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया है।

मार्च-2024 तक 948.37 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं तथा वर्ष 2024-25 के लिए इस परियोजना के लिए 1107.25 करोड़ रुपये का परिव्यय आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से इंदौर से मुंबई और दक्षिण भारत के यात्रा समय में कमी आएगी और भोपाल - इटारसी के व्यस्त मार्ग को बायपास कर बुधनी को इंदौर से सीधे जोड़ा जा सकेगा। साथ ही रेललाइन नसरुल्लागंज, खातेगांव और कन्नौद जैसे कस्बों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जहां वर्तमान में कोई रेल संपर्क नहीं है।

**रंगपंचमी प्रदेश**

आज रंग-पंचमी के अवसर पर प्रदेश में कई स्थानों पर गेर निकाली गई। इंदौर में विश्वविख्यात गेर में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। लगभग 3 किमी लंबी गेर के दोनों तरफ़ स्थित भवनों की छतों पर से गेर को देखने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की गई थी। गेर निकलने के तुरंत बाद निगम के अमले सफाई अभियामें शुरु किया और मात्र 38 मिनट मार्ग सफाई की।

बड़वानी में लोगों ने हर्बल गुलाल का विशेष उपयोग किया। हिंदू उत्सव समिति ने कालिका माता मंदिर से राधाकृष्ण फाग यात्रा निकाली। नगर पालिका ने अपने परिसर से गेर निकाली। दोनों यात्राएं शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरीं। गुना में ऐतिहासिक गेर निकाली गई जिसमें टैंकरों से रंग बरसाए गए। हनुमान चौराहा से गेर यात्रा निकाली गई। नर्मदापुरम में लोगों ने जमकर होली खेली वहीं पिपरिया में गेर निकाली जा रही है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर उत्सव का आनंद लिया। खंडवा में श्री दादाजी फाग उत्सव समिति एवं सकल हिंदू समाज द्वारा श्री दादाजी फाग यात्रा का आयोजन किया गया। निगम तिराहे से फाग यात्रा निकली। यात्रा में आदिवासी कलाकार नृत्य करते हुए चल रहे थे। खालवा में भी गेर का आयोजन किया गया। सीहोर जिले में शहरो और ग्रामो में भी उत्साह के माहौल में गेर यात्रा निकलाई गई।

मुख्यमंत्री इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में रंगपंचमी पर गेर के दौरान हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने घटना के बाद इंदौर

दौरे के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए। गेर के दौरान एक व्यक्ति ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसका देहावसान हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान करने की घोषणा भी की है।

**मध्य प्रदेश - नाव पलटी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिवपुरी जिले के खनियाधाना क्षेत्र में 15 श्रद्धालुओं की नाव पलटने से हुई दुर्घटना में लोगों की डूबने से मृत्यु पर दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि घटना हृदय विदारक है। उन्होंने बताया कि मृतकों के निकटतम परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुर्घटना की जांच के आदेश भी दिए गए हैं। कल शाम हुए इस हादसे में 8 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

**समाचार संक्षेप में....**

1. राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा राज्य स्तरीय शैक्षिक ओलंपियाड अंग्रेजी प्रतियोगिता 20 एवं 21 मार्च को भोपाल के प्रगत शैक्षिक संस्थान में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में जिला स्तर की अंग्रेजी ओलंपियाड प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी भाग लेंगे।
2. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल में अंतरराष्ट्रीय आनंद दिवस के अवसर नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेगे। दो दिवसीय सेमिनार में आनंद के विभिन्न आयामों पर सत्र का आयोजन किए जाएंगे।
3. सांसदों-विधायकों के खिलाफ प्रदेश में 19 आपराधिक मामले विशेष अदालतों में लंबित है। यह जानकारी आज राज्य सरकार ने जबलपुर हाईकोर्ट में पेश की है। अदालत ने दो हफ्ते में विस्तृत जानकारी मांगी है।
4. आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले की गौशालाओं में निवासरत गौवंशों हेतु वर्ष भर चारा और भूसा की उपलब्धता बनाएं रखने के निर्देश दिए है।

5. खंडवा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा में “कोर टीचिंग स्किल्स” पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
6. नीमच में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया कल पोषण भी-पढ़ाई भी पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमारी नींव मजबूत होगी तो आने वाला भविष्य मजबूत होगा।
7. बैतूल दक्षिण वनमंडल के ताप्ती वन परिक्षेत्र में वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से सागौन लट्ठा परिवहन करते हुए एक टाटा छोटा हाथी वाहन को जब्त किया।